पंचायतीराज मंत्रालयिक कर्मचारियों की पेन डाउन हड़ताल दूसरे दिन भी जारी

पूर्व केंद्रीय मंत्री भँवर जितेंद्र सिंह का जन्मदिन मनाया

खुदनपूरी, अलवर। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव, कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री भँवर जितेंद्र सिंह जी के जन्मदिन की पूर्व संध्या पर आज 11 जून को आदर्श-विमंदित-विद्यालय, खुदनपूरी अलवर में सायं 4 बजे केक काटकर बच्चों को कपड़े एवं भोजन वितरण कर सेवा और स्नेह के साथ सेवाभाव से शहर महिला कांग्रेस कमेटी, ब्लॉक (ब) की अध्यक्ष सुनीता राजकुमार शर्मा के नेतृत्व में जन्मदिन मनाया गया।

कार्यक्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रकाश गंगावत, नगर परिषद की पूर्व सभापति एवं महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष कमलेश सैनी , राजकुमार शर्मा, हंसिका शर्मा, उमेश शर्मा, राहुल पटेल , संस्था प्रिंसिपल पायल प्रधान, अर्चना, सुनील कौशिक, मनमोहन, सतीश सहित सभी सम्मानित साथियों ने इस पुनीत कार्यक्रम में पधारकर बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाने में अपनी सहभागिता निभाई।

पावटा। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग में कार्यरत मंत्रालयिक कर्मचारियों का राज्यव्यापी आंदोलन लगातार जारी है। अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कर्मचारियों ने गुरुवार को लगातार दूसरे दिन भी आधा कार्य दिवस पेन डाउन हड़ताल रखी, जिससे पंचायत समिति एवं ग्राम पंचायत स्तर के कार्य प्रभावित रहे। राजस्थान पंचायतीराज मंत्रालयिक कर्मचारी संघ, उप शाखा पंचायत समिति पावटा के ब्लॉक अध्यक्ष फूलाराम यादव ने बताया कि मंत्रालयिक कर्मचारियों का आंदोलन 1 जून 2026 से प्रदेशभर में चल रहा है। आंदोलन के तीसरे चरण के तहत ग्राम पंचायत, ब्लॉक एवं जिला परिषद कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से पेन डाउन कर विरोध दर्ज कराया। उन्होंने बताया कि कर्मचारी स्वतंत्र कार्य विभाजन, कैडर रिव्यू, नोशनल बेनिफिट, अंतरजिला स्थानांतरण, हार्ड ड्यूटी भत्ता एवं अतिरिक्त पंचायत भत्ता

ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग में कार्यरत मंत्रालयिक कर्मचारियों का राज्यव्यापी आंदोलन

सहित विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं। जब तक मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। पंचायत समिति पावटा में आयोजित पेन डाउन हड़ताल में अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी, सहायक प्रशासनिक अधिकारी, वरिष्ठ सहायक एवं कनिष्ठ सहायकों सहित विभाग के अनेक कर्मचारी शामिल रहे। कर्मचारियों ने एकजुटता दिखाते हुए सरकार से जल्द वार्ता कर मांगों का समाधान करने की मांग की। ब्लॉक अध्यक्ष फूलाराम यादव ने कहा कि मंत्रालयिक कर्मचारी लंबे समय से अपनी जायज मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन अब तक समाधान नहीं होने के कारण आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा है। उन्होंने सरकार से कर्मचारियों की मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की।

नारी चौपाल आयोजित

लालसोट। पंचायत समिति परिसर लालसोट में "महिला विकास से महिला नेतृत्व आधारित विकास की ओर" विषय पर नारी चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विकास अधिकारी बाबूलाल मीणा, सीवीडीओ सत्यनारायण मीणा, बीसीपीएमओ डॉ. राजपाल मीणा,

■ **महिलाओं को राजीविका, स्वास्थ्य की जानकारी**

कृषि अधिकारी चरतलाल मीणा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। अधिकारियों ने महिलाओं से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा समाधान की जानकारी दी। चौपाल में महिलाओं को राजीविका, स्वरोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि एवं सामाजिक न्याय विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई।

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 660/2026
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि श्री सुनील कुमार पाटनी निवासी सी-1 किसान मार्केट लिंक रोड बगरू, सांगानेर जयपुर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास श्रीमती लादी देवी चौथमल पाटनी चैरिटेबल ट्रस्ट सुनील कुमार पाटनी का मकान जैन नसियां के पास महावीर नगर, दहमी कला तहसील सांगानेर जयपुर राजस्थान के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है। अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 02.06.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 10.08.2026
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग जयपुर

न्यायालय सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजि. क्रम-4, जयपुर द्वितीय, जयपुर
दीवानी वाद संख्या 106/2026
डिस्पेच नं. 237 27521
श्री महेन्द्र यादव व अन्य
बनाम-श्रीमान् सचिव महोदय व अन्य
आमजन एवं आमखास
उपरोक्त प्रकरण में वादीगणः (1) श्री महेन्द्र यादव (2) श्री विजेन्द्र यादव पुत्रान श्री धर्मपाल यादव (3) श्रीमती कान्ता यादव पुत्री धर्मपाल यादव पत्नि श्री ईश्वर सिंह (4) श्रीमती कृष्णा देवी पत्नि श्री धर्मपाल यादव, निवासीयान-ग्राम खटवाडा, अहीर ढाणी, ग्राम पंचायत व पोस्ट महापुरा, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर, राजस्थान। ने विरूद्ध प्रतिवादीगण (1) श्रीमान सचिव महोदय / ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत महापुरा, पोस्ट महापुरा, अजमेर रोड के पास, पंचायत समिति व तहसील सांगानेर, जिला जयपुर (2) श्रीमान कलेक्टर महोदय, जयपुर, कलेक्ट्रेट परिसर, बनीपार्क, जयपुर (राज.) (3) श्रीमान मुख्य सचिव महोदय, राजस्थान सरकार, शासन सचिवालय (सेक्रिटेट), तिलक मार्ग, सी-स्कीम, अशोक नगर, जयपुर (4) एस.एच.ओ. पुलिस थाना, सेज, जयपुर, पश्चिम, अजमेर रोड के पास, जयपुर (5) आमजन एवं आम खास, उक्त वादीगण ने उक्त न्यायालय में श्री धर्मपाल यादव पुत्र श्री रामचंद्र यादव, निवासी ग्राम खटवाडा, अहीर ढाणी, ग्राम पंचायत व पोस्ट महापुरा, तहसील सांगानेर, जिला-जयपुर, राजस्थान के लापता होने से उनकी सिविल मृत्यु घोषित किये जाने हेतु वाद पेश किया है। यदि कोई भी व्यक्ति इस वाद में अपना हित रखता हो तो या पक्षकार बनना चाहता है तो नियत दिनांक 02.07.2026 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष पेश करे।
अतः दिनांक 27.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
मोहर अदालत
अपर सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम-4 जयपुर द्वितीय जयपुर

कार्यालय नगर निगम भरतपुर
प्रारूप - (6 (7) देखिए)
सं. 22770329 **लोक सूचना** दिनांक 10.06.2026
श्री छत्तरभान सिंह पुत्र श्री कर्नल गिरधर सिंह जाति गुर्जर निवासी अटलबंध मण्डी धाऊ की हवेली, भरतपुर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात

जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा संख्या	क्षेत्र
भरतपुर	चक नं. 01	1193	भरतपुर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेज के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपरोक्त नियम समय के भीतर भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जाएगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन 2026 (वर्ष) 06 (मास) के 10 दिन की जारी की जाती है।
दिनांक : 10.06.2026, स्थान : भरतपुर श्रवण कुमार, प्राधिकृत अधिकारी, नगर निगम, भरतपुर

वार्षिक उर्स कूल की रस्म के साथ सम्पन्न

मनोहरपूर । हजरत बावड़ी वाले सैय्यद बाबा का वार्षिक उर्स कूल कि रस्म के साथ मे विधिवत सम्पन्न हो गया। बुजुर्गानेद्दीन के खिदमतगार सलीम शाह बाबा व मुमताज़ बाबा ने बताया कि सांयकाल बाबा के चददर का जुलुस निकला जिसमे हिन्दू मुस्लिम जायरीनो ने शिरकत कि व पुष्प वर्षा की दरगाह के ख़ादिमो ने बाबा के चददर पेश कि इस दौरान उपस्तिथ जायरीनो के मुख से यही स्वर फुट रहे थे कि निगाहेँ वली मे वो तासीर देखी बदलती हुई रोज हजारों कि तक़दीर देखी इसके साथ मे भारत देश की खुशहाली की दुआएं मांगी गई।

इसके बाद मे लज्जतदार लंगर वितरण किया गया जिसमे अकीदतमंदो ने बड़े ही चाव से खाया। इसके बाद मे रात्रि 10 बजे से सम्पूर्ण रात्रि तक महफिल ए शमा का आयोजन किया गया जिसमे राजस्थान कि प्रसिद्ध कव्वाल पार्टी द्वारा बाबा कि मान मनुहार की गईं। कव्वालो ने ज्यों ही इतना दिया मेरे बावड़ी वाले सय्यद बाबा ने जितनी मेरी ओकात नहीं है गाया तो इस कव्वाली पर जायरीन झूम उठे व नोटों की बरसात की।

अग्नि सुरक्षा को लेकर नगरपालिका सख्त, 18 संस्थानों को नोटिस

पावटा। स्वायत्त शासन विभाग के निर्देशों की पालना में नगर पालिका पावटा-प्रागपुरा ने अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर सख्ती शुरू कर दी है। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी फतह सिंह मीना के आदेशानुसार कार्यवाहक अग्निशमन अधिकारी धर्मेंद्र कुमार यादव द्वारा क्षेत्र के कानोडिया प्राइवेट लिमिटेड, लाडाकाबास, नायरा पेट्रोल पम्प, लाडाकाबास, एचपी पेट्रोल पम्प एनएच 48 (जयपुर रोड), तिरुपति फ्यूल सेंटर, श्री कृष्णा पेट्रोल पम्प पावटा पुलिया के पास, एसएचएम कॉलेज सहित 18 व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, कॉलेजों, पेट्रोल पंपों, अस्पतालों एवं अन्य संस्थानों को अग्नि सुरक्षा उपकरण स्थापित करने तथा फायर सेफ्टी एनओसी प्राप्त करने के लिए नोटिस जारी किए गए हैं। नगर पालिका प्रशासन द्वारा जारी नोटिसों में संबंधित संस्थानों को निर्धारित समयावधि में अग्निशमन उपकरणों की व्यवस्था सुनिश्चित करने और फायर सेफ्टी मानकों की पालना करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही चेतावनी दी गई है कि नियमों की अवहेलना पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। कार्यवाहक अग्निशमन अधिकारी धर्मेंद्र कुमार यादव ने बताया कि सार्वजनिक स्थलों, शैक्षिणक संस्थानों, अस्पतालों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में आगजनी जैसी आपात स्थितियों से बचाव के लिए अग्नि सुरक्षा उपकरणों का होना अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से विभागीय निर्देशों के तहत यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि फायर सेफ्टी एनओसी केवल औपचारिकता नहीं बल्कि जन सुरक्षा से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है। सभी संस्थानों को अग्निशमन यंत्र, आपातकालीन निकास, सुरक्षा संकेतक एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करनी होंगी, ताकि किसी भी दुर्घटना की स्थिति में जनहानि और संपत्ति के नुकसान को रोका जा सके। नगरपालिका की इस कार्रवाई को क्षेत्र में अग्नि सुरक्षा मानकों को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

विश्व रिकॉर्ड अभियान से जुड़ने का आव्हान

पावटा। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 के अवसर पर योग को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दिलाने और गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कराने के उद्देश्य से 14 जून को विशेष ऑनलाइन योग सत्र आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में उपखंड अधिकारी एवं उपखंड मजिस्ट्रेट पावटा डॉ. साधना शर्मा ने सभी विभागों, संस्थाओं और आमजन से अधिकाधिक भागीदारी की अपील की है। जारी अपील के अनुसार आयुष मंत्रालय, भारत सरकार एवं हैबिल्ड हेल्थ टेक प्राइवेट लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में 14 जून 2026 को प्रातः 6:15 बजे से 7:35 बजे तक यूट्यूब प्लेटफॉर्म के माध्यम से ऑनलाइन योग सत्र आयोजित होगा।

इस दौरान एक साथ सर्वाधिक लोगों द्वारा योगाभ्यास कर विश्व रिकॉर्ड स्थापित करने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागियों को अपने मोबाइल फोन से टोल-फ्री नंबर 1800-315-7008 पर मिस्ड कॉल देकर पंजीयन कराना होगा।

आम सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रय पत्र दिनांक 11.06.2021 को पुस्तक संख्या 1 जिल्द संख्या 1210 में पृष्ठ संख्या 84 क्रम संख्या 202103015104825 पर चस्पा किया गया। विक्रेतागण-श्रीमती निशी गोयल, नीता गोयल, निधी अग्रवाल क्रेता-सचिन जैन की मूलप्रति खो गई है जो मिल नहीं रही है। यदि किसी भी व्यक्ति को मिलने पर 7 दिवस में सूचित करें।
रवि प्रताप खंडोलिया (एडवोकेट), मो. 6376409447

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य श्री अर्जुन कुमार तेजवानी पुत्र स्व0 चुहडमल निवासी 547 ग्राउण्ड फ्लोर सुभाष कॉलोनी शिव शक्ति कॉलोनी शास्त्री नगर जयपुर के द्वारा अपने पुत्र हरीश तेजवानी तथा उसकी धर्म पत्नी नेहा तेजवानी निवासीयान प्लाट नंबर 102 फोर्थ फ्लोर सिंधी कॉलोनी नाहरी का नाका जयपुर जो कि दोनो अपने विवाह के उपरान्त से ही मेरे अभिभाष्य के अनुसरण मे नही रहे है तथा ये दोनो पति पत्नी अपनी मनमानी कर अपना स्वतन्त्र जीवन यापन कर रहे है तथा इनके द्वारा अपने ही पिता अर्थात मेरे अभिभाष्य के प्रति अपनी किसी भी जिम्मेदारी का निर्वहन नही किया जा रहा है ऐसी स्थिति में मेरे अभिभाष्य ने अपने उक्त पुत्र व पत्रवधु (इन दोनो पति पत्नी) को अपनी समस्त चल व अचल सम्पति से पूर्णतया बेदखल कर दिया है यदि कोई भी व्यक्ति अथवा संस्था या जन साधारण के द्वारा संव्यवहार किया जाता है तो इसके लिये ये दोनो ही स्वयं जिम्मेदार होगे सूचित रहे।
जयपुर अभिषेक शर्मा, एडवोकेट
दिनांक :- मो. नंबर : 9314224259

आम सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर विकास न्यास, जयपुर द्वारा भूखण्ड संख्या 289, क्षेत्रफल 565 वर्गगज, योजना फ्रन्टियर कॉलोनी, आदर्श नगर जयपुर का विक्रय पत्र / पट्टा संख्या 1986 दिनांक 03.04.1970 को श्री अजीत सिंह पुत्र तेजा सिंह के हक में जारी किया गया था। पट्टाधारी श्री अजीत सिंह (मृत्यु 14.02.1988) उनकी पत्नी श्रीमती लाजवन्त कौर (मृत्यु 09.10.1999) व पुत्र नरेन्द्र सिंह बग्गा (मृत्यु 06.02.1990) व पुत्र हरभजन सिंह (मृत्यु 31.12.1994) के देहांत के पश्चात इनके संपूर्ण विधिक वारिसानों के मध्य स्वतंत्र सहमति और मौका-ए-कब्जानुसार पैतृक संपत्ति पारिवारिक बंटवारानामा पंजीकृत (उप-पंजीयक जयपुर सप्तम, क्रम संख्या 201903021109416) दिनांक 09.10.2019 को निष्पादित किया गया। उक्त बंटवारानामा के अनुसार विक्रेत्री मनजीत कौर धर्मपत्नी स्व. श्री नरेन्द्र सिंह बग्गा पुत्रवधू स्वर्गीय श्री अजीत सिंह के हिस्से की संपत्ति को बंटवारानामा में हरे रंग से प्रदर्शित कर 'बी' नाम से अंकित कर रखा है। बंटवारानामा अनुसार विक्रेत्री की हकशुदा संपूर्ण संपत्ति, जो कि उत्तर-पूर्व में स्थित खुली भूमि 60.125 वर्गगज एवं 60 फीट रोड पर पश्चिम मुखी निर्मित दुकान 14.58 वर्ग गज अर्थात कुल 74.70 वर्गगज संपूर्ण संपत्ति को मेरे अभिभाष्यगण क्रेत्री/क्रेता श्रीमती कुसुमलता अग्रवाल पत्नी श्री राजकुमार गुप्ता/श्री राजकुमार गुप्ता पुत्र स्व. श्री मित्रसेन गुप्ता को विक्रय किया जाना तय किया गया है। जिसके प्रतिफल स्वरूप अग्रिम राशि कुल रुपए पचास हजार जरिये ईएफटी ट्रांसफर, श्रीमती मनजीत कौर ने अलग-अलग दिनांक को प्राप्त कर ली है। उक्त विक्रय के कम में बंटवारानामा के पक्षकारगण, विधिक वारिसान, अंतिरिति, समुन्देशिती और कब्जाधारी व अन्य व्यक्ति, संस्था, निकाय, आमजन को किसी भी प्रकार की आपत्ति हक, अधिकार, दावा हो तो निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस में अपना हक या आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करे, अन्यथा मेरे अभिभाष्यगण के द्वारा उक्त सम्पत्ति का क्रय कर लिया जायेगा एवं उसके पश्चात् क्रय की हुई सम्पत्ति पर किसी प्रकार की कोई हक या अधिकार मान्य नहीं होगा।
राकेश कुमार दाधीच एडवोकेट
Ph. 9414554025

उत्तर पश्चिम रेलवे
खुली ई-निविदा सूचना
संख्या डबलू / 118 / निविदा / व.म.ई.(सम0) जयपुर / इन्जीनियरिंग दिनांक 09.06.2026
मण्डल रेल प्रबन्धक इंजीनियरिंग उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर के द्वारा भारत संघ के राष्ट्रपति एवम् उनकी ओर से ई दृनिविदा के माध्यम से प्रचलित नियमों के अनुसार निर्धारित प्रपत्रों में निविदा निम्न कार्यो के लिए कमानुसार आमंत्रित की जाती है। **क्र.सं. 1. निविदा संख्या / कार्य का नामः** इंजी. / जय / 2026-27 / 53 ADEN/HQ/II सब-डिविजन - DO-GGC सेक्शन में बैंक प्रोटेक्शन का काम, जैसे कि टो वॉल, पिचिंग और सेस (cess) की मरम्मत का काम। **अनुमानित लागतः** रु. 2,43,77,777.83 **बिड प्रति भूति राशिः** रु. 4,87,600/-; 1. उपरोक्त निविदा का पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। नोटिस बोर्ड-मण्डल रेल प्रबन्धक (निर्माण लेखा) उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर के कार्यालय में देखी जा सकती है। 2. निविदा इंजी. / जय / 2026-27 / 53 की बन्द होने की तिथि 30.06.2026 समय 15.00 बजे एवं खुलने की तिथि 30.06.2026 समय 16.00 बजे।
854-PH/26
हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति सूरजगढ (झुंझुंनू)
आज़ादी का अमृत महोत्सव
क्रमांक- 142-51 दिनांक-11.06.2026
निविदा सूचना
कृषि उपज मण्डी समिति चिडावा द्वारा वर्ष 2026-27 (01.07.2026 से 30.06.2027) के लिए निम्न कार्य/सेवाऐं/व्यवस्थाओं की दरों का अनुबन्ध किये जाने हेतु इच्छुक निविदादाताओं से निम्नानुसार निर्धारित प्रपत्र में मोहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है।

क्र. सं.	विवरण	निविदा फार्म शुल्क	धरोहर राशि	निविदा फार्म प्राप्त करने की दिनांक व समय	निविदा फार्म जमा करने करने की दिनांक व समय	निविदा फार्म खोलने की दिनांक व समय
1	सफाई व्यवस्था ठेका	100/-	7000	19.06.2026 को	22.06.2026	23.06.2024 को
2	कम्प्यूटर ऑपरेटर	100/-	9500	प्रात 11.30	को प्रात 11	12.00 बजे तक
3	जीप किराया ठेका	100/-	3500	बजे तक	बजे तक	

निविदा फार्म दिनांक 19.06.2026 को 11.30 बजे तक मण्डी समिति कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है। निविदा सम्बन्धित समस्त अधिकार मण्डी समिति के पास सुरक्षित रहेंगे।
प्रशासक **सचिव**
कृषि उपज मण्डी समिति **कृषि उपज मण्डी समिति**
सूरजगढ **सूरजगढ**

भांकरी में जनसुनवाई के दौरान सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

पावटा। विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड भांकरी स्थित आवास पर आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में विभिन्न गांवों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं और मांगें विधायक कुलदीप धनकड के समक्ष रखीं। जनसुनवाई के दौरान आमजन से आत्मीय संवाद करते हुए उनकी समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरता से सुना गया। जनसुनवाई कार्यक्रम में ग्रामीणों ने सड़क, बिजली, पानी, राजस्व, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं तथा अन्य जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों को उठाया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों और मांगों पर संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया।

टीम दिगराज सिंह ने चलाया 'पक्षी बचाओ-परिंडे लगाओ' अभियान

शाहपुरा । भीषण गर्मी के मौसम में पक्षियों को राहत पहुंचाने और जल संरक्षण का संदेश देने के उद्देश्य से टीम दिगराज सिंह शाहपुरा द्वारा 'पक्षी बचाओ-परिंडे लगाओ' अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान के तहत शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों और सार्वजनिक स्थलों पर पानी के परिंडे लगाए जा रहे हैं, ताकि गर्मी के दिनों में पक्षियों को पानी की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके । अभियान के अंतर्गत मनोहरपुर नगरपालिका क्षेत्र, शाहपुरा, घासीपुरा, सुराणा, कुंभावास, बिशनगढ़, खोरी, अमरसर सहित कई स्थानों पर परिंडे लगाए गए।

इस दौरान टीम के सदस्यों ने लोगों से भी अपने घरों, मंदिरों, सार्वजनिक स्थलों और खेतों में परिंडे लगाकर पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करने की अपील की। कार्यक्रम में उपस्थित हंसराज कसाणा ने कहा कि बेजुबान पक्षियों की सेवा करना मानवता का सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। उन्होंने आमजन से इस नेक पहल में भागीदारी निभाने का आव्हान किया।

टीम संयोजक दिगराज सिंह ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी यह अभियान शुरू किया गया है। अभियान के तहत शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव में टीम द्वारा परिंडे लगाए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के दौरान पक्षियों को पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह अभियान पूरे ग्रीष्मकाल में निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों में पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण एवं जीवों के प्रति संवेदनशीलता का भाव जागृत करना है। टीम के इस प्रयास की क्षेत्रवासियों ने सराहना करते हुए इसे समाजहित में एक प्रेरणादायक पहल बताया।

शिविर में योग प्रशिक्षण शुरू

लालसोट। पीएम श्री श्री अशोक शर्मा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लालसोट में संचालित अभिरुचि एवं कौशल विकास शिविर के अंतर्गत प्रतिभागियों को कौशल विकास गतिविधियों के साथ-साथ योग प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। योग गुरु गोपाल सिंह राजपूत द्वारा प्रतिदिन प्रातः 7:30 बजे से 8:30 बजे तक योग कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। शिविर प्रभारी गोविन्द सहाय शर्मा ने बताया कि आगामी 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को ध्यान में रखते हुए विशेष योग कक्षाएं आयोजित की जा रही हैं। इन कक्षाओं में योग के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ बनाने का संदेश दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि योग कक्षाओं में शिविरार्थियों के साथ-साथ आमजन भी भाग ले सकते हैं। योग प्रशिक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों में अनुशासन, एकाग्रता एवं सकारात्मक ऊर्जा का विकास हो रहा है।

कार्यालय नगर निगम, भरतपुर
क्रमांक-न.नि.भ./स्कीम/2026-27/5800 दिनांक-11.06.2026
सार्वजनिक विज्ञप्ति
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न भूखण्डधारियों द्वारा अपने भूखण्ड का नियमन कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त भूखण्डों का नियमन आवेदकों के पक्ष में करने पर किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के सात दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत कर देवे अन्यथा आवेदकों के पक्ष में नियमन की कार्यवाही कर दी जावेगी।

क्र.सं.	फाईल नं.	नाम	पिता/पति का नाम	भू.सं.	योजना
1	362310	नरेश कुमार कपूर, तिलक राज कपूर	ईश्वर दत्त कपूर	109, 110	75 बीघा
2	362298	नरेश कुमार कपूर, तिलक राज कपूर	ईश्वर दत्त कपूर	107, 108	75 बीघा
3	361872	गुडिया	समय सिंह	235	जसवंत नगर विजय नगर फेंज-2
4	361436	आदित्य गोयल, अशीष गोयल	बैजनाथ गोयल	ए 102	रनजीत नगर
5	361399	मानकचंद	रघुनाथ प्रसाद शर्मा	478	संजय नगर
6	360266	गोविन्द	पवन	483	आनन्द नगर फेज-3
7	359649	पुष्पा	टीकाराम	155	पैराडाइज कॉलोनी
8	359637	रेखा	देवेन्द्र सिंह	103	महाराजा सवाई बृजेन्द्र सिंह नगर
9	358944	प्रयाग देवी गर्ग	मदन मोहन गर्ग	524	सूरजमल नगर
10	357500	रजील खान	लटूर खान	153	आनन्द नगर फेज-1
11	357119	चिराग गोयल	अरविन्द गोयल	28	75 बीघा
12	357030	हेमंत शर्मा	भूदेव सिंह लवानिया	37	अनुजय नगर
13	355605	श्याम सिंह	कायम सिंह	216	बजरंग नगर 75 बीघा
14	355336	प्रवीण कुमार खण्डेलवाल	कुन्दन लाल	62	75 बीघा
15	353473	पार्वती	मिट्ठू सिंह	97	स्टेडियम नगर
16	353327	सुंदर सिंह	बदन सिंह	डी 14	तिलक नगर फेज-1
17	352245	सुमन देवी	मलखान सिंह	500 ए	सूरजमल नगर
18	352244	सुमन देवी	मलखान सिंह	500	सूरजमल नगर
19	352211	महेन्द्र सिंह	खेम सिंह	50 ए	बृजनगर आरकेपूरम
20	352209	गोपाल सिंह	खेम सिंह	50	बृजनगर आरकेपूरम
21	352202	लोकेन्द्र सिंह	खेम सिंह	50 बी	बृजनगर आरकेपूरम
22	352205	श्याम सिंह	खेम सिंह	50 सी	बृजनगर आरकेपूरम
23	352153	रामो	मदनलाल सैनी	84	सूरजमल नगर
24	352151	मोहन सिंह सैनी	मल्लू राम	178	सूरजमल नगर
25	350995	गुन्जन अग्रवाल	संतोष कुमार सिंघल	30	अनुजय नगर
26	350988	मनीष कुमार सिंघल, विकास,विशाल	ओमप्रकाश सिंघल	16	अनुजय नगर
27	350984	मनीष कुमार सिंघल, विकास,विशाल	ओमप्रकाश सिंघल	35	अनुजय नगर
28	350947	राजेश कुमार	छगन लाल	43	अनुजय नगर
29	312324	कमलेश	धर्मपाल	27	संजय नगर फेज-3
30	312288	रवि कुमार	स्व. जोगेन्द्र सिंह	27-ए	संजय नगर फेज-3
31	357742	महेन्द्र सिंह	छिद्दीराम	279	आनन्द नगर फेज-3
32	350946	नेहा जैन	हितेश जैन	31	अनुजय नगर
33	350945	सीमा गर्ग	विष्णु कुमार गर्ग	103	अनुजय नगर
34	350942	ममता	वीरेन्द्र कुमार	08	जसवंत नगर
35	348834	मनोरमा जैन	राकेश कुमार जैन	15	कोठी दलवीर सिंह
36	348795	रामभरोसी	भीम सिंह	220	आनन्द नगर फेज-3
37	348156	वेजन्ती देवी	शिव लहरी शर्मा	317	75 बीघा
38	362800	भावना गुप्ता, नीलम कुमारी, रश्मि गोयल	सुनील कुमार गोयल, महेश, महेन्द्र	डी-24-ए-बी	तिलक नगर फेज-1
39	363480	भावना गुप्ता, नीलम कुमारी, रश्मि गोयल	सुनील कुमार गोयल, महेश, महेन्द्र	बी-24-ए	तिलक नगर फेज-1
40	347712	मालती	गंभीर सिंह	981, 982	गांधी नगर
41	346746	शिवलहरी शर्मा	चरन लाल शर्मा	58	75 बीघा
42	346750	शिवलहरी शर्मा	चरन लाल शर्मा	58-डी	75 बीघा
43	346752	शिवलहरी शर्मा	चरन लाल शर्मा	58-सी	75 बीघा
44	302726	सुनीता कुमारी	ललित किशोर	108	संजय नगर विकास नगर फेज-1
45	307568	सोनिया कुमारी	राजेश शर्मा	14-ए	रेलवे कॉलोनी
46	235203	शकुंतला देवी	रमेश चंद शर्मा	1171	गांधी नगर
47	332844	रामवती शर्मा, लोकेश, विष्णुदत्त,सौरभ	शिम्भु दयाल शर्मा	155	दीनदयाल नगर
48	342965	हरेन्द्र सिंह	श्यामलाल	33	संजय नगर विकास नगर फेज-4
49	345578	विक्रम सिंह	पाली सिंह	249	जगन्नाथपुरी

आयुक्त, नगर निगम, भरतपुर

खोया पाया
मेरे मकान नंबर डी-506 मालवीय नगर जयपुर का दिनांक 08.12.2003 के विक्रय पत्र (Sale Deed) का नक्शा (Map) गुम हो गया है। मिलने पर सूचित करें। विनोद गेरा डी-506 मालवीय नगर जयपुर-992801725

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक-1311 दिनांक-05.06.2026
जाहिर आम-सूचना राजस्थान आवासन मण्डल की सामान्य पंजीकरण योजना वर्ष 1982 के अन्तर्गत जरिये आवेदन फार्म संख्या आर/82/88642 के द्वारा पंजीकरण राशि रूपये 4,600/- जमा कराकर पंजीकरण करवाया था। जिसका वरीयता क्रमांक P-941/MIG-B/G-1/HPS/1982 (P-00/JOG/HPS/G1/2010) प्रताप नगर, सांगानेर का पंजीकरण श्री रमेश चन्द्र शर्मा पुत्र श्री प्रभुदत्त शर्मा को किया जाकर पूर्व ग्रहण राशि मांग पत्र 527 दिनांक 14.09.1999 के द्वारा जारी किया गया था। श्री रमेश चन्द्र शर्मा की मृत्यु दिनांक 22.04.2025 को हो जाने के कारण इनकी पत्नी श्रीमती विमला देवी शर्मा पत्नी स्व. श्री रमेश चन्द्र शर्मा द्वारा उक्त पंजीकरण को स्वयं के नाम हस्तान्तरण करने हेतु आवेदन किया गया है। अतः उक्त पंजीकरण के हस्तान्तरण बावत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्रीमती विमला देवी शर्मा पत्नी स्व. श्री रमेश चन्द्र शर्मा का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त-प्रथम
राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर

नम्बर मिलाइए
8890333139



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

बिलाहेड़ी में केंद्रीय मंत्री की मौजूदगी में 3.83 करोड़ के कार्यों का लोकार्पण

किशनगढ़ बास। केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री तथा अलवर सांसद भूपेंद्र यादव ने बुधवार को पंचायत समिति कोटकासिम के ग्राम बिलाहेडी में श्री श्री 1008 सुखदाई नाथ जी महाराज के भंडारा एवं धार्मिक कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में करीब 3.83 करोड़ रुपये लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा

■ **सुखदाई नाथ जी महाराज के भंडारे में पहुंचे केंद्रीय मंत्री**

संत की तपस्या का असर है कि पीढ़ियों बाद भी लोग उन्हें श्रद्धा से याद करते हैं। केंद्रीय मंत्री ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बिलाहेडी के खेल मैदान की चारदीवारी, सीसी सड़क व नाली निर्माण, विभिन्न ग्रामों में सीमेंट पाइप लाइन से गंदे पानी की निकासी, पशु चिकित्सालय भवन, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, पेयजल बोरिंग समेत अन्य आधारभूत कार्यों का लोकार्पण किया। इसके साथ

अलवर सांसद भूपेंद्र यादव ने बिलाहेड़ी में सुखदाई नाथ जी महाराज के धार्मिक कार्यक्रम में शिरकत की।

उन्होंने बिलाहेड़ी में पेयजल टंकी निर्माण, बिलाहेडी बगीची की चारदीवारी तथा जाटूवास जाट में राजकीय पशु चिकित्सालय भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया । केंद्रीय मंत्री ने यूपीएससी में सफल पंकज यादव, एन डी ए में चयनित सुनील कुमार, विश्व योग प्रतियोगिता में रजत पदक विजेता सुनीता यादव और माउंट एवरेस्ट पर तिरंगा फहराने वाले भूपेंद्र सिंह अनाका निवासी को बधाई दी। बोले जिले के युवाओं ने शिक्षा, खेल, योग और साहसिक गतिविधियों में नाम रोशन किया है। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में देश ने अभूतपूर्व विकास देखा है। अनुच्छेद 370 हटाने, अयोध्या में राम मंदिर निर्माण, गरीब कल्याण योजनाओं, किसानों-महिलाओं के सशक्तिकरण जैसे निर्णयों ने भारत को नई दिशा दी है। 'विकसित भारत-2047' के संकल्प को साकार करने के लिए केंद्र सरकार लगातार काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए खेल सुविधाओं के साथ 138 सरकारी विद्यालयों में ई-लाइब्रेरी स्थापित की गई हैं।

नाम परिवर्तन
I, Pelani Rabha W/o Late Hareshwar Rabha, my name is incorrectly recorded as Phelani Rabha in Service record (2706731H) correct name as in all civil documents is PELANI RABHA

I, Biju Rabha S/o late Hareshwar Rabha my father's name is incorrectly recorded as Hareswar Rabha in my service record (2706731H) his correct name as in all civil document is HARESHWAR RABHA

I, SHANTA is legally mother of No. 8038314H LNK (GD) Sechin Patil, Presently Residing at Village, Nerli, Post Nerli, Teh: Hukkeri, Police Station Sankeshwar, Dist: Belagavi, State: Karanataka, PIN-591340 have changed my name from SHANTA to SHANTA KALAGOUDA PATIL Vide affidavit No. IN RJ82295009718621Y date 02.06.2026.

I, KALAGOUDA is legally father of No. 8038314H LNK (GD) Sechin Patil, Presently Residing at Village, Nerli, Post Nerli, Teh: Hukkeri, Police Station Sankeshwar, Dist: Belagavi, State: Karanataka, PIN-591340 have changed my name from KALAGOUDA to KALAGOUDA SHIVAGOUDA PATIL Vide affidavit No. IN RJ8229506541586Y date 02.06.2026.